Reg. No. :- JH-11-0004329
अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 25.11.2021 अंक 65
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

अपेम के सौजन्य से मध्य विद्यालय बेन्दगी में क्विज, खेलकूद, प्रतियोगिता सह सम्मान समारोह का आयोजन, सेवानिवृत्त शिक्षक को किया गया सम्मानित

बच्चों के चरित्र निर्माण मे अभिभावकों की भुमिका अहम : ईशो सिंह

OPPO A12 · ©Press : Barhi Live
2021/11/25 16:25

प्रशस्ती पत्र के साथ स्कुल के बच्चे व उपस्थित अतिथिगण

स्कुल परिवार को मोमेंटो देते अपेम टीम

पुरूस्कृत हुए बच्चे

कार्यक्रम मे उपस्थित म0वि0 बेन्दगी के शिक्षक-शिक्षिकाएँ व अतिथि

अपेम लाइवः बरही

बरही मध्य विद्यालय बेन्दगी में गुरुवार को क्विज, खेलकूद, एवं प्रतियोगिता सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र शिक्षा प्रभारी प्रिंस कुमार,अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापत्ति, अपेम के मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार, समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद, बद्री साव, हीरामन साव, मो तौकिर रजा, रघुनंदन यादव एवं सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घटान किया। जिसका संचालन अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापत्ति ने किया। कार्यक्रम के शुरुआती में मध्य विद्यालय बेन्दगी से रिटायर्ड शिक्षक को अपेम टीम के द्वारा शॉल, पुष्पगुच्छ एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमे पूर्व प्रधानाचार्य रामधनी राम, राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित इशो सिंह, देवधारी प्रजापत्ति, जीवधन साव, तारकेश्वर सिंह एवं अन्य शिक्षक शामिल रहे। वहीं विद्यालय के बच्चो के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक प्रस्तुत किया गया। वही क्विज प्रतियोगिता में कक्षा छह से प्रथम स्थान राजनंदनी, द्वितिय स्थान नीतू कुमारी, तृतीय स्थान स्वेता कुमारी, कक्षा सातवां से प्रथम स्थान श्रेया गुप्ता, द्वितीय स्थान शिवम कुमार, तृतिय स्थान रजनी कुमारी, कक्षा आठवाँ से प्रथम स्थान पुष्पा कुमारी, द्वितीय स्थान मुस्कान कुमारी, तृतीय स्थान चिंता कुमारी को पुरस्कृत किया गया, वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्र०फी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया, एवं मध्य विद्यालय बेन्दगी के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को डायरी, कलम एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमे प्रधानाचार्य सुरेश कुमार रजक, रिजवान अहमद, राणा निखत, कुंती देवी, उषा राम, संध्या कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मुन्ना यादव, सरोज देवी एवं नासरीन बानो शामिल है। कार्यक्रम के अंत मे अपेम के मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार को विद्यालय प्रबंधन समिति ने शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। और अपेम कला मंच एवं राज आर्यन डांस अकादमी के डायरेक्टर राज आर्यन उर्फ छोटी को भी श०ल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपेम के सदस्य रितेश कुमार, सोनु पंडित, अनुज यादव,धनंजय कुमार,आनंद प्रधान, अजय कुशवाहा, बीरेंद्र कुमार का अहम योगदान रहा। मोके पर मोके पर मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार, उप मुखिया नरेश साव, गुलाब कुमार, कृष्णा कुमार एवं सैकड़ो अभिभावक उपस्थित रहे।

सद्भावना विकास मंच के द्वारा कोरोना काल में किये गए कार्यों पर बनी एक लघु फ़िल्म का लोकार्पण

POCO
SHOT ON POCO X2

कार्यक्रम को संबोधित करते एसडिपिओ नाजिर अख्तर

POCO
SHOT ON POCO X2

कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

अपेम लाइवः बरही

बरही टाउन हॉल में गुरुवार को सद्भावना विकास मंच के द्वारा कोरोना काल में किये गए कार्यो पर बनी एक लघु फ़िल्म का लोकार्पण किया गया। फ़िल्म के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, डीएस डॉ शशिशेखर प्रसाद सिंह, डॉ प्रकाश ज्ञानी, बरही थाना के पूर्व थाना प्रभारी सह हज़ारीबाग सदर सर्किल इंस्पेक्टर ललित कुमार, कोबरा 203 के सबइंस्पेक्टर सह पीआरओ पंकज कुमार यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान व संचालन सचिव कुंदन कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलन कर किया। जिसके बाद अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया।

कोविड के दौरान प्रशासनिक पदाधिकारियों में इनका रहा अहम योगदान : भारत में कोरोना वायरस संक्रमण भयावह रूप ले चुका था, संक्रमण की रफ्तार से हालात दिनों दिन बिगड़ते जा रहे थे। इसी दरमयान प्रशासनिक पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ताओं ने अपनी महत्ती भूमिका निभायी थी। कोविड के शुरुआती समय 2019 में एसडीओ रहे राजेश्वर नाथ आलोक, एसडीपीओ मनीष कुमार, सीओ ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ अरुणा कुमारी, इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बरही को सुरक्षित बनाने में सहयोग प्रदान किया।मौके पर ड० अमन कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, एसआई दिनेश कुमार, एएसआई सुनील तिवारी, सुनील मिश्रा, अध्यक्ष राजसिंह चौहान, सचिव कुन्दन कुमार, कोषाध्यक्ष आजाद हुसैन, मीडिया प्रभारी जियाउल हक़, उप सचिव तोहिद अली, महामंत्री प्रदुमन सिंह, उपसचिव मनोज कुमार कुशवाहा, महिला उपाध्यक्ष पायल देवी, सदस्य फिरोजा खातून, बबिता देवी, गायत्री देवी, सुनीता देवी, लीलावती देवी, नीलम देवी, शांति देवी, मिना देवी, अनिता देवी, सरिता देवी, बबिता देवी, शिला देवी सहित अन्य सैकड़ो लोग मौजूद थे।

ढल जाती है हर चीज़ अपने वक्त
पर बस एक व्यवहार और लगाव
ही हैं जो कभी बूढ़े नहीं होते !!

sspknowledge.com

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

बच्चों को पुरुस्कृत करते अपेम टीम

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

दुर्घटना में चोटिल बजरंग यादव की स्थिति बनी है नाजुक, समाजसेवियों एवं यादव समाज के लोगो ने की आर्थिक मदद की अपील

अपेम लाइवः बरही

बजरंग यादव

मेडिका मे इलाजरत बजरंग यादव

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला के चंदाबिगहा निवासी बजरंग यादव इन दिनों जिंदगी की जंग लड़ रहे है। फिलहाल उनका इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। ज्ञात हो कि वह एक दुर्घटना के कारण गम्भीर रूप से घायल हो गए और बजरंग यादव की स्थिति फिलहाल नाजुक बनी हुई है। इस विकट परिस्थिति में सामाजिक कार्यकर्ता किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, समाजसेवी संजय यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रामचन्द्र यादव एवं यादव समाज के प्रबुद्ध लोगो ने लोगो से आर्थिक सहयोग की अपील किया है। आग्रह किया है कि इनके जीवन को बचाने में वह मदद करें। दुर्घटना ग्रस्त बजरंग यादव के भाई दिनेश यादव ने फोन पे नम्बर 9905794761 एवं खाता संख्या दिनेश यादव खाता संख्या 31789297276 एसबीआई बैंक आईएफएससी कोड SBIN0003502 के माध्यम से सहयोग करने की अपील की है। हालांकि दर्जनों लोग उन्हें लगातार सहयोग कर रहे हैं।

जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम ने की विजैया को प्रखंड एवं थाना बनाने की मांग

OPPO Reno3 Pro 4G
2021/11/25 08:22

केदार पाश्वान का स्वागत करते लोग

अपेम लाइवः बरही

बरही प्रखंड के विजैया को जिला परिषद प्रतिनिधि ने एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान से विजैया पंचायत को प्रखंड एव थाना बनाने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष केदार पा. सवान का स्वागत बैजनाथ यादव ने बुके देकर किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री पासवान ने अश्वासन दिया कि इस विषय पर सरकार से मांग करगें। मौके पर मुखिया दशरथ यादव, पसस देवलाल कुशवाहा, उप मुखिया सहदेव शर्मा, रघु मोदी, अजहरुद्दीन, शोयब अख्तर, मो सलामत, महेश दास, उमेश दास, सुनील प्रसाद, सीताराम यादव, बैजनाथ यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

APEM
LIVE

होम गार्ड बहाली को ले नई सूची जारी करने की मांग

अपेम लाइवः बरकटठ्ा
सुनिल कुमार

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय सह क्षेत्रीय प्रशि

ज्ञापन सौंपने मे शामिल लोग

हजारीबाग होम गार्ड लिस्ट नही जारी करने पर एसडीओ को एक दिवसीय भुख हड़ताल करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। हजारीबाग के सभी प्रखंड के बड़ी संख्या में अभ्यर्थी होम गार्ड ऑफिस हजारीबाग पहुंचकर नया लिस्ट जारी करने की मांग को लेकर एसडीओ से वार्ता किए सभी प्रखंड से आए सैकड़ों होम गार्ड अभ्यर्थी को आंदोलन की रूप रेखा देने पहुंचे आदर्श युवा संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि सैकड़ो अभ्यर्थियों की कैरियर के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पुराना लिस्ट को रद्द कर कईयों के दिल पर चोट पहुंचाया है। नई सूची जारी करवाने को लेकर कई बार नम्र निवेदन भी किया गया। लेकिन आज तक पदाधिकारी अनदेखा करती रहीं। बार बार सिर्फ आश्वासन दिए जाते रहे हैं लेकिन किन्हीं की नजर इन अभ्यर्थियों के प्रति रुचि नही दिखी। इस नई लिस्ट को लेकर एसडीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमे यह कहा गया की अगर अधिकारी गण इस 30 नवम्बर तक नई लिस्ट नही की जाती है तो 1 दिसंबर 2021 को हजारीबाग जिले के तमाम प्रखंड के हजारों लोगो की उपस्थिति में एक दिवसीय भुख हड़ताल की जाएगी।मौके पर अध्यक्ष रंकज सिंह, सचिव शंकर मेहता, कोषाध्यक्ष पूजा कुमारी, शशिकांत कुमार,शिव कुमार, दिनेश कुमार, विशाल कुमार,मुकेश कुमार, संजय कुमार, पवन कुमार रूपेश कुमार, कुमार प्रवीण कुमार, संजय कुमार, नरेश कुमार, पानो कुमार, अनिता कुमारी, अंजली कुमारी, शुष्मा कुमारी, ममता कुमारी, राखि कुमारी, ममता कुमारी, काजल कुमारी , विक्की कुमारी, अर्पना कुमारी, कुमारी प्रभा, गीता कुमारी, निशा कुमारी, मुन्नी कुमारी, राजेश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे

समाजसेवी बद्री यादव ने बरही अनुमंडल पदाधिकारी को दिया आवेदन, स्ट्रीट लाइट मरम्मती का किया माँग

अपेम लाइवः बरही

बरही पश्चिमी क्षेत्र के संभावित जिला परिषद प्रत्याशी रिंकु देवी के पति सामाजिक कार्यकर्ता बद्री यादव ने बरही अनुमंडल पदा. धिकारी को आवेदन देते हुए बताया है कि बरही के धनबाद रोड एवं गया रोड में एनटीपीसी द्वारा लगाए गए स्ट्रीट लाइट टूट गए हैं और कुछ खराब हो गए है। उन्होंने क्षेत्रवासियों का प्रति. निधित्व करते हुए आवेदन के माध्यम से बरही अनुमंडल पदा. धिकारी से क्षेत्रवासियों एवं राहगीरों की समस्या पर अपने ध्यान आकृष्ट करते हुए यथाशीघ्र एनएचएआई एवं एनटीपीसी के अधिकारियों को सूचित कर स्ट्रीट लाइट को सुचारु रुप से चालू एवं मरम्मती कराने की माँग की है। इस दौरान उन्होंने बताया कि बरही के धनबाद रोड एवं गया रोड के क्षेत्रवासी से सूचना मिली कि उक्त स्ट्रीट लाइट काफी दिनों से बंद पड़ा हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों की इसी समस्या को सुनकर मैंने अनुमंडल पदा. धिकारी से उक्त सभी स्ट्रीट लाइट को सुचारु रुप से चालू कराने की माँग की है।

आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---26.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---सप्तमी तिथि
दिन :---शुक्रवार
नक्षत्र :---श्लेषा दिन 04:52 मिनट तक उपरांत मघा नक्षत्र
योग :---इन्द्र
करण :---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:42
सूर्यास्त : संध्या 05:18
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---कर्क राशि में 04:52 मिनट तक उपरांत सिंह राशि में
आज का राहूकाल दिन :---10:30 बजे से दिनः---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास :---आज शिवलिंग के ऊपर दुग्धाभिषेक करने से दाम्पत्य जीवन में मधुरता रहता है।

संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो0 - विकम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।
पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851
THE MECHANICS
TVS
Hero
BAJAJ
HONDA
YAMAHA
SUZUKI
Lifelong
ROYAL ENFIELD
PIAGGIO
Mahindra 2 Wheelers

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ0 अनिल कुमार

दिनांक: 25-11-2021

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

चलकुशा में सरकार आप के द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन

अपेम लाइवः चलकुशा
विक्रम सिंह

कार्यग्रम मे उपस्थित लोग

प्रखंड मुख्यालय के निकट चलकुशा पंचायत भवन परिसर में सरकार आप के द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन हुई।कार्यक्रम शिविर का शुरुआत चलकुशा प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कारू राम चलकुशा प्रधान चेमली देवी थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से भगवान विरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया।इस शिविर में 60 महिलाओं के बीच कंबल वितरण किया गया। शिविर में प्रखंड कार्यालय, अंचल समबन्धित, शिक्षा क्षेत्र, पशुपालन,आपूर्ति विभाग ,कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जॉब कार्ड ,आधार कार्ड , बिजली ,ई श्रम कार्ड, मनरेगा, निर्वाचन,इन शिविर में सभी से समबन्धित आवेदन प्राप्त किया गया।शिविर में बैंक संबंधित स्ट०ल ना रहने के कारण कई लोगों को निराश होकर वापस जाना पडा। मौके पर कृषि पदाधिकारी शैलेश रंजन अंचल निरीक्षक सतेंद्र दास प्रखंड बडा बाबू कुमार राज बीपीओ असिम टोप्पो, राजस्व कर्मचारी अकील अहमद जिला परिषद उपाध्यक्ष चंदन देवी सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, जे एम एम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी, प्रधान प्रतिनिधि लखन साव, राजकुमार पंडित,आलोक सिंह,बसंत पांडे,राजेश कुमार, गनेश प्रजापति, रुपेश कुमार, अंशु कुमार ,गुजार आलम, शमशाद आलम,पुरन राम,बालगोविंद गिरी,महेश प्रसाद, कोलेश्वर यादव अमीन, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया

अपेम लाइवः बरकटठ्
सुनिल कुमार

खिलाडियों से मिलते पुर्व विधायक

जयनगर के ग्राम पंचायत खरियोडीह में नवयुक्त स्पोर्टिंग क्लब के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। ततपश्चात पूर्व विधायक ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि जिस तरह से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी ने झारखंड का नाम पूरे देश और दुनियां में रौशन किया है, ठीक उसी प्रकार जयनगर प्रखण्ड के ही सुलेखा कुमारी ने अंडर 19 में जगह बनाई, इससे जयनगर सहित पूरे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है। पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि मैं जब इस क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से विधायक बना तो विधानसभा क्षेत्र का विकास करने का काम किया, खेल के क्षेत्र में युवा कैसे आगे बढ़े इसके लिए मैंने जयनगर के डंडाडीह, बरकट्ठा, इचाक में प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण करवाने का काम किया। उदघाटन मैच मकतपुर बनाम खरपुका के बीच खेला गया। जिसमें मकतपूर की टीम 14 रन से विजयी हुई।. मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बिरेन्द्र यादव, पूर्व भाजयुमो परसाबाद मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, राजेन्द्र यादव, रामजी यादव, विजय पंडित, इमामुद्दीन अंसारी,बिनोद यादव, सीताराम यादव, तिरलोकी मंडल, पंकज मधेशिया, अरविंद यादव उर्फ मनोज यादव, रामचंद्र शरण, रामलखन यादव, दिनेश रविदास, चंदन यादव, विकाश पंडित, सुनील ठाकुर, मुकेश कुमार, सतेंद्र कुमार शर्मा, रूपलाल दास, राजेश यादव तथा बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

अशोक सिंह बने पाण्डेयबारा पैक्स अध्यक्ष, लोगों ने दिया बधाई

अपेम लाइवः चौपारण
किशोर राणा

पैक्स अध्यक्ष को सम्मानित करते लोग

पाण्डेयबारा पैक्स अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोश अध्यक्ष निर्वाचित हुए पवई निवासी अशोक सिंह।निर्वाचन पदाधिकारी सह एमओ भूपनाथ महतो ने अशोक सिंह को निर्वाचित प्रमाण पत्र सौप कर पद एम गोपनीयता का दिलाया शपत। इस दौरान अशोक सिंह ने निर्विरोश चुनाव सम्पन्न कराने में महती भूमिका निभाने वाले समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह व पाण्डेयबारा पूर्व मुखिया अनिल पांडेय को शॉल देकर समान्नित किया। अशोक सिंह ने कहा कि मैं अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूँगा। इस दौरान स्वागत कार्यक्रम का आयोजन कर नव निर्वाचीत अध्यक्ष अशोक सिंह को लोगों ने बधाई दिया बधाई देने वालो में व्यास यादव, छक्रधारी यादव, पप्पू यादव, जगदीश यादव, सोबरन साव, चंद्रमणि साव, जुबेर अंसारी, मौ. जिम अंसारी, गणेश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, रामविलास चनद्रवंशी, पप्पू सिंह, मनोज सिंह, दयानिधि पांडे बालदेव सिंह सहित अन्य।

मुआवजा के नाम पर बरकट्ठा बाजार में जमकर घालमेल

मुआवजा को लेकर अब तक संशय में है बरकट्ठा के रैयत

अपेम लाइवः बरकटठ्
सुनिल कुमार



बरकट्ठा एक ओर सरकार आपके द्वार के तहत ग्रामीणों की समस्या व सरकार की उपलब्धि को लेकर केम्पनिंग चला रही है ऐसे में बरकट्ठा बाजार में सिक्सलेनिग से प्रभावित परिवारों की अबतक मुआवजा से मरहूम रखा गया है आज तक जन आवेदन पर कोई करवाई नही हो पाई ध्यान रहे एनएच 2 सिक्सलेनिग फ्लाईओवर निर्माण से प्रभावित रैयतों को अब तक एनएचएआई द्वारा मुआवजा देने को लेकर बरकट्ठा बाजार में अनिश्चितता बरकरार है ज्ञात हो इसी मुआवजा वितरण की समस्या को लेकर बरकट्ठा अंचल में 28 सितम्बर व 1 अक्टूबर को भूअर्जन विभाग का शिविर का आयोजन किया गया लेकिन सिर्फ खानापूरी की गई बरकट्ठा बाजार में बसे केशरहिन्द प्रभावित परिवारों का दुख दर्द की चर्चा तक नही हुई मुआवजा देने की बात तो बहुत दूर है बरकट्ठा एनएच 2 को सिक्सलेन फ्लाईओवर निर्माण में बड़ी संख्या में बरकट्ठा के रैयतों ने अपना दुकान मकान को पुलिस प्रशासनिक दवाब में तोड़ दिया था मुआवजा के नाम पर आज तक एक फूटी कौड़ी नही मिली मिला तो सिर्फ आश्वाशन कुल मिलाकर कहा जाए तो बरकट्ठा बाजार के रैयतों को सिर्फ एनएचएआई व अधिकारियों द्वारा सिर्फ बेवकूफ व अंधेरे में रखकर काम किया गया आज हालात यह है कि रैयत मुआवजा की मांग के लिए किस अधिकारी से करे समझ मे नही आता है ध्यान रहे वर्ष 2018 में मुआवजा की बात कह कर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के अधिकारी चन्दन ठाकुर व राजकेश्वरी के लाइजलिंग अधिकारी आर शुक्ला के द्वारा अंचल कार्यालय के द्वारा बोनाफाइट बनाकर एनएचएआई को दिया गया एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा उस फाइल को ही गुम कर दिया गया इस सन्दर्भ में शुक्ला जी कहना है अभी फुर्सत मिलेगी तो भू अर्जन जाकर बात करेंगे निर्माण एजेंसी की यह हालत है कि फ्लाईओवर गार्डर लांचर को बरकट्ठा से पेटी ठीकेदारों ने बकाया की मांग को लेकर बैरंग वापिस भेज दिया। क्या है समस्या -ज्ञात हो बरकट्ठा बाजार खाता संख्या 375 केशरहिद भूमि पर बसा हुआ है जिसका जिक्र सर्वे खतियान 1910-11 में भी विभिन्न रैयतों के नाम से बक़ब्जे दर्ज है इस पर एनएचएआई के द्वारा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित यादव के समक्ष ग्रामीणों को मकान का मुआवजा देने की बात कही थी वही इस संदर्भ में बरकट्ठा रैयतों का प्रतिनिधिमंडल के द्वारा हजारीबाग उपायुक्त आदित्य कुमार आनन्द को आवेदन भी दिए जहां तुरन्त उपायुक्त के द्वारा बरही एसडीओ को मामले को देखने की बात कही गई लेकिन आज तक मुआवजा देने या नही देने के विषय पर कोई बात नही बन सकी जबकि बरही चौपारण में सरकारी गैरमजरूआ भूमि पर बसे लोगो को स्ट्रक्चर का मुआवजा मिलना प्रारंभ हो गया है वही बरकट्ठा में अब तक मामला खटाई में है ।

चौय कलां में उमड़ा फरियादियों का भीड़, 437 मामलों का हुवा निष्पादन

अपेम लाइवः चौपारण
किशोर राणा

कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण

सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का चौथे शिविर का आयोजन गुरुवार को प्रखण्ड के चयकला पंचायत के परिसर में हुआ। इसमें भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रेमचन्द सिन्हा,प्रधान मो साफ़फ़ुद्दीन निजामी,पंसस फैज़ान अजमेरी,कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने बताया शिविर में 838 आवेदन विभिन्न विभागों में प्राप्त हुए हैं जिसमें 437 आवेदनों का ससमय निष्पादन हुआ। जिसमें नए राशन की स्वीकृति के लिए 37, राशनकार्ड त्रुटि के लिए 96,पेंशन के लिए 74,मनरेगा के तहत नए ज०ब कार्ड के लिए 25, ई श्रम पोर्टल पर निबंधन के लिए 51, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 59 एवं रोजगार सृजन योजना अंतर्गत14,फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के तहत 8, स्वास्थ्य जांच 114,कोविड वेक्सीन 150 , पोएम आवास ग्रामीण के लिए 75 सहित अन्य विभागों में भी आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मो हेलाल अख्तर, मो जकाउल्लाह,मौलाना दयान अहमद,मो फसीउद्दीन,मो मूसा,मोहदिस अल्ली, आसिम रजा ,आफाक अहमद,मो मतिउल्ला,शोहैल अहमद, भुनेश्वर दांगी,मनोज दांगी,शुक्रर साव,सीआरपी मो शोएब सहित कई लोग उपस्थित थे।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार
सहयोगी: सोनू पंडित,
एडिटिंग- धनंजय कुमार
मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

जय श्री अम्बे माता
THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN
Festival Dhamaka
LED TV
HELMET
IRON
FREEZE
WASHING MACHINE
SCRATCH HERE

दुर्गा पूजा एवं दीपावली के शुभ अवसर पर बजाज की पेशकश

DIGITAL LOAN CUM EXCHANGE MELA

खरीदें बजाज मोटरसाईकिल एवं स्क्रेच करें और पाएँ आकर्षक उपहार

स्क्रेच करें और सुनिश्चित उपहार पायें

Cash Discount- 300/-

BAJAJ

SHAURYA AUTOMOBILES

Barhi Chowk, Near DVC Konra, Dhanbad Road, Barhi, Hazaribag
Mob.- 7061182890, 7079856924

कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।

सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली

रामदेव साव

सुभाष पासवान

मंटु सिंह

कुनाल कतरियार

बिनोद कुमार

टुन्नू केशरी

हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी

RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)



Classes From (Pre-Nursery to Xth C.B.S.E. Pattern)

R.S.B.
RAINBOW SCHOOL BARHI

(Van Manotsav Celebration on 6th July)

Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum

RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)
में वार्षिक खेलउत्सव दिवस का आयोजन

इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से

नया विकास नई बात होगी जब क्षेत्र की बागडोर युवा नेतृत्व के हाथ होगी।

श्रीमति दिपिका देवी
भावी मुखिया पद का उम्मीदवार
खोड़ाहार पंचायत

निवेदक
श्री अनिल यादव
समाज सेवी
खोड़ाहार पंचायत

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित,   एडिटिंग- धनंजय कुमार   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

झारखंड प्रतिभा खोज में बी एम मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम बच्चे हुए सम्मानित

अपेम लाइव : बड़कागांव
अमित मालाकार

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राएं

झारखंड प्रतिभा खोज में बड़कागांव प्रखंड स्तरीय मेघा छात्रवृति प्रतियोगिता के तहत विभिन्न शैक्षणिक प्रतिष्ठानों के छात्र–छात्राओं का एग्जाम लिया गया था जिसमें बड़कागांव प्रखंड के बीएम मेमोररयल स्कूल के नवीन कुमार 78 :, रुपेश कु मार 75 :, कोमल कुमारी, उजाला कुमारी रिद्धि कुमारी ब्रजकिशोर कुमार हिमांशु कुमार सहित अन्य छात्र–छात्राओं के साथ अव्वल रहे। चयतनित सभी छात्र – छात्राओं को मेरिट सर्टिफिकेट के साथ–साथ मैडल से नवाजा गया। और कुल प्रतिभागियों को प्रसिद्धि पत्र सह प्रमाण पत्र दिया गया ताकि आगे चलकर और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें । मौके पर झारखण्ड प्रतिभा खोज के समन्वयक परियोजना प्रभारी मनोज मोदी ने चयनित बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना किया। वही मौके पर उपस्थित बीएम मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए और भी मन लगाकर पढ़ने की बात कही ताकि आने वाले समय में बीएम मेमोरियल स्कूल का नाम रोशन कर सके। वही विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि बीएम मेमोरियल स्कूल का एक ही उद्देश्य है बड़कागांव के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान करना। जिस पर लगातार हमारे विद्यालय परिवार के टीम काम कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से उप प्राचार्य पूनम कुमारी, बीएम विद्यालय के शिक्षा विभाग के चेयरमैन रंजीत कुमार, ब्रह्मदेव सिंह चौहान, विनोद नायक अमीन अंसारी एरिका टोप. पो, रश्मि बेदिया, एलिश टोप्पो, संदीप शर्मा, मनीषा कुमारी, आंचल कुमारी, अंजू कुमारी, सोनू कुमार, मुकेश कुमार,अनु देवी दुर्गा देवी, गुरुदयाल ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

ग्राम प्रधान ने 180 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया

अपेम लाइव : बड़कागांव
अमित मालाकार

कंबल वितरण करते मुखिया महेंद्र महतो

प्रखंड के हरली पंचायत में ग्राम प्रधान सह मुखिया महेंद्र महतो के नेतृत्व में पंचायत के तमाम 13 वार्डो में गरीब, असहाय, विधवा, विकलांग एवं वृद्धों कुल 180 लोगों के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान श्री महतो ने ठंड से बचने के लिए ग्रामीणों को गर्म पानी पीने गर्म वस्त्र पहनने की सलाह दिया। साथ ही उन्होंने पंचायत वासियों से अनुरोध किया के जो भी पंचायत वासी कोविड 19 का टीका नहीं लिए है वो शीघ्र ही टिका ले लें। मौके पर मुख्य रूप से उप मुखिया कविता देवी, संगीता देवी, किरणबाला, तारा देवी, रेनू देवी, मनोज रविदास, सुनीता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्व राम, बालेश्वर कुमार, रोहित, टिकेश्वर कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

भाजपा ने पेट्रोल पंप पर चलाया हस्ताक्षर अभियान

अपेम लाइव : विष्णुगढ़
मिथिलेश गोल्डी

पेट्रोल पंप पर हस्ताक्षर अभियान चलाते भाजपा कार्यकर्ता

भाजपा पश्चिमी मंडल द्वारा गुरुवार को राज्य सरकार द्वारा डीजल एवं पेट्रोल के वैट में कमी नही किये जाने के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में विष्णुगढ़ के नायक फिलिंग स्टेशन तथा बनासो स्थित महामाया पेट्रोल पंप में डीजल–पेट्रोल लेने आए ग्राहकों से वैट दर में कमी नहीं किए जाने के खिलाफ बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए। नायक फिलिंग स्टेशन में प्रभारी महामंत्री गुरु प्रसाद साव, मंत्री राजेश सोनी तथा बनासो महामाया पेट्रोल पंप में प्रभारी अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, मंत्री गौतम भारती समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार की तरह राज्य सरकार को भी आमजन मानस के हित में कार्य करते हुए वैट दर में कमी करनी चाहिए। कहा कि अगर समय रहते सरकार नही चेती तो बाध्य होकर जन आंदोलन करना होगा। इस बीच बड़ी संख्या में ग्राहकों ने सरकार के खिलाफ़ आक्रोश व्यक्त करते हुए अपना हस्ताक्षर बनाया। मौके पर महादेव मंडल, पिंकी देवी, सुरेश राम, हरि यादव, जीवन सोनी, दीपक रजक, कन्हाई यादव, प्रेमचंद महतो, राकेश कुमार, किशोर साव, भीम राम, अशोक मंडल, शेख मेराज, महेश नारायण सिंह, रंजीत पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

विष्णुगढ़ में अवैध कोयला लदे दो ट्रक धराए

अपेम लाइव : विष्णुगढ़
मिथिलेश गोल्डी

विष्णुगढ़ पुलिस ने कोयला तस्करी के आरोप में अवैध कोयला लदे दो ट्रकों को जब्त किया है। जब्त ट्रकों के साथ दोनों ट्रकों के चालक विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नवादा निवासी इन्तेखाब अहमद तथा साड़म निवासी मो महमूद आलम को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि 19 नवंबर को एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर दोनों ट्रको को पकड़ा गया। बताया कि बोकारो जिला के कोलियरी से धोखाधडी कर कोयला तस्कर अवैध कोयले को बिहार की मंडियों में बेचने के लिए ले जा रहे थे। इसे लेकर दोनों ट्रक के मालिक तथा चालक पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। दोनों गिरफ्तार चालकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

खबर का असर : अपेम लाइव में छपी खबर का दिखा असर, आजादी के 75 वर्ष बाद गुड़कुआ गांव में पहुंचेगी बिजली

45 दिन के अंदर गांव में पहुंचेगी बिजली, लगेंगे 4 ट्रांसफार्मर : एसडीओ

अपेम लाइव : बड़कागांव
अमित मालाकार

गुड़कुआं गांव मैं निरीक्षण करते अधिकारी

23 नवंबर के अपेम लाइव में गुडकुआं गांव के बिजली की समस्या को लेकर खबर प्रमुखता से छापी गई थी। जिसका असर गुरुवार को देखने को मिला । गुड़कुआ में बिजली की समस्या को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचे।समाजसेवी एवं ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के पदाधिकारीयों को ढोल मंजीरे एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस बाबत पूछे जाने पर विद्युत विभाग के ग्रामीण एसडीओ आर एन टोप्पो ने कहा कि 45 दिनों के अंदर गुड़कुआ गांव में बिजली पहुंच जाएगी।वही कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार ने कहा कि 11000 की बिजली की समस्या अब नहीं रही। 25 – 25 केवी के 4 ट्रांसफार्मर व लगभग 150 से 200 पोल लगाकर गुड़कुआ में घर–घर बिजली पहुंचाई जाएगी।वहीं मौके पर उपस्थित बड़कागांव प्रमुख प्रतिनिधि व समाजसेवी कालेश्वर गंझू ने कहा कि गांव में बिजली आएगी की खबर से पूरे गांव में खुशी का माहौल है । ग्रामीण काफी खुश हैं कि अब वह दिन दूर नहीं जब हम ग्रामीण भी विद्युत उपकरण मोबाइल टीवी पानी मोटर सहीत कई बिजली उपकरणों का उपयोग कर पाएंगे। हमारा गांव भी बिजली की रौशनी से अब जगमगाएगा। मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग विद्युत विभाग के ग्रामीण एसडीओ आर एन टोप्पो , बड़कागांव विद्युत विभाग अभियंता सत्यदेव कुमार, एसबीओ राहुल कुमार, बड़कागांव प्रमुख प्रतिनिधि सह समाजसेवी कालेश्वर गंझू ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य नीलि ग्रेस कुजूर, सुधीर मिंज (पारा शिक्षक), जागेश्वर गंझू , तमिल गंझू, बिनोद खालखो, सविता देवी , जाहीद खान, ताजिम राय , सोनी देवी, अनिल मुंडा,सफीक अंसारी, राजदेव मुंडा, शिवनाथ मुंडा,समीम खान, जोधारी माँझी, जेठू मांझी, प्रकाश मुंडा, राजू मुंडा, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

रितेश ठाकुर के नेतृत्व में 160 गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण

अपेम लाइव : बड़कागांव
अमित मालाकार

कंबल वितरण करते पत्रकार रितेश ठाकुर

बड़कागांव मध्य पंचायत में बढ़ती ठंड को देखते हुए समुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत एनटीपीसी कोल माइंस पकरी बरवाडीह के सौजन्य से 160 गरीब असहाय लोगों के बीच पत्रकार रितेश ठाकुर के नेतृत्व में कंबल का वितरण किया गया। कंपनी की ओर से आगे भी इसी प्रकार से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच सहायता पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से एनटीपीसी पकरी बरवाडीह से देवराज आनंद और पत्रकार रितेश ठाकुर के अलावा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

आपका अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का लाभ लोगों को मिल रहा है :अंबा प्रसाद

अपेम लाइव : बड़कागांव
अमित मालाकार

कार्यक्रम में शामिल विधायक अंबा प्रसाद एवं अन्य

बड़कागांव प्रखंड के सिकरी पंचायत में दुर्गा मंडप के समीप आपका अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद मौजूद रही। आयोजन स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।. उन्होंने कहा की सरकार ने आम जनमानस के लोक कल्याण के लिए सरकार आपके द्वार आने का कार्य कर रही है। जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की पहली प्राथमिकता है। इसी कड़ी में राज्य के हर पंचायतों में आपका अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि पहले लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान और सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए अधिकारियों और दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब सरकार घर तक खुद पहुंचकर लोगों की जरूरतें पूरी करने, उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। कार्यक्रम में आवास, पेंशन, राशन कार्ड, ज०ब कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, ऋण माफी, जाति आय प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज, लगान रसीद इत्यादि में विभिन्न आवेदन प्राप्त किए गए। तत्काल हो सकने वाले आवेदनों को वहीं निस्पादित किया गया शेष का निष्पादन विधायक ने दो तीन दिनों में करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान धोती साड़ी, स्कूल बैग, फूलो झानो योजना, ज०ब कार्ड इत्यादि का वितरण विधायक ने लाभुकों के बीच किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडे, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो, मुखिया आशा सिंह वह प्रमुख है राम प्रसाद महतो कृष्णा सिंह उप मुखिया प्रयाग महतो के अलावा एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

कान्हाचट्टी के सायल बगीचे में मिश्रा इंटरप्राइजेज का हुआ उद्घाटन

समाजसेवी व ब्योबृद्ध सत्यदेव मिश्रा व जीप बिरजू तिवारी ने किया फीता काट कर उद्घाटन

अपेम लाइव : कान्हाचट्टी

प्रमोद सिंह

OPPO Reno2 F
2021/11/25 14:29

उदघाटन करते समाजसेवी

प्रखण्ड के सायल बगीचे में गुरुवार को मिश्रा इंटरप्राइजेज दुकान का उद्घाटन ब्योबृद्ध सत्यदेव मिश्रा,दिशा सदस्य बिरजू तिवारी सहित समाजसेवियों ने फीता काट कर किया।इस दुकान के प्रोपराइटर पत्रकार निकेश मिश्रा हैं।मौके पर उपस्थित लोगों को समाजसेवी ब्योबृद्ध सत्यदेव मिश्रा ने बताया कि इस तरह के दुकान खुलने से कन्हाचट्टी और राजपुर के लोगो को सीमेंट छड़ और चिप्स आदि आसानी से मिलेगा। मौके पर जितेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, मनोज सिंह, राजेश दास, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

एनटीपीसी एवं निजी व्यवसाय के बड़े वाहनों से होती है सड़क जाम, सोनू इराकी

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

उपायुक्त का वेश्म
vivo Y20G

उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते सोनू

बड़कागांव टंडवा मुख्य पथ पर लगातार हो रहे सड़क जाम को देखते हुए बड़कागांव के युवा समाज सेवी सोनू इराकी ने गुरुवार को राज्यपाल के नाम हजारीबाग उपयुक्त को ज्ञापन सौंपकर हो रहे सड़क जाम से निजात दिलाने की गुहार लगाई है ज्ञापन में सोनू इराकी ने कहा है कि बड़कागांव चौक से तीन रास्ते निकलते हैं जो कि बड़कागांव चौक से टंडवा, बादाम एवं हजारीबाग की ओर जाती है तीनों और से गाड़ी आने के कारण गाड़ियों की संख्या बढ़ जाती है मुख्य सड़क पर भारी वाहनों की पार्किंग के कारण इलाके के लोग तो परेशान होते ही है। सड़क से गुजरने वाले राहगीर और वाहन चालक जान जोखिम में डालकर चलने को बाध्य है। हमेशा सड़क पर जाम लगा रहता है जिससे पैदल तक गुजरना मुश्किल हो जाता है। साथ ही ज्ञापन में उन्होंने दुकानदारों के द्वारा दुकानों के बाहर सड़क पर सामान रखने एवं दोपहिया वाहन खड़ा करने से जाम लगने की बात कही है साथ ही साथ उन्होंने कहा है कि एनटीपीसी के बड़े वाहन से सड़क जाम हो जाती है जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने उपायुक्त महोदय से आग्रह किया है कि बड़े वाहनों के लिए बायपास सड़क का यथाशीघ्र निर्माण कराया जाए।

पिता ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया बेटे के साथ मारपीट करने का लगाया आरोप

इस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह ने आरोप को बेबुनियाद बताया

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

बड़कागाँव थाना
जिला - हजारी बाग

बड़कागांव नटराज नगर निवासी महेंद्र महतो ने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बेटे के साथ थाने में मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है । महेंद्र महतो ने आवेदन में लिखा है कि कांड संख्या 269/21 नटराज नगर स्थित स्वाति इलेक्ट्र०निक्स दुकान में चोरी मामले में मेरे पुत्र कुणाल कुमार को पुरानी रंजिस के तहत फंसाने की साजिश की जा रही है। मामले को लेकर बड़कागांव थाना में बुलाकर इस्पेक्टर आवास में ले जाकर पूछताछ करने के दौरान दरोगा एसआई अजीत कुमार के द्वारा बुरी तरह से मारपीट की जा रही है। कुणाल को 22 नवंबर को ही पूछताछ के लिए थाना बुलाया गया था । आवेदन में महेंद्र महतो ने पुलिस अधीक्षक से मामले की उचित जांच कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को लेकर इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह एवं एसआई अजीत कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि महेंद्र महतो द्वारा लगाई गई आरोप बिल्कुल बेबुनियाद हैं। स्वाति इलेक्ट्र०निक में चोरी मामले में कुणाल कुमार के विरुद्ध आवेदन दी गई थी जिस कारण उसे पूछताछ के लिए थाना बुलाया गया है।

अब हजारीबाग क्यों जाना VECTOR CLASSES है ना।

Estd : 2014

VECTOR CLASSES

VECTOR CLASSES
Germinating Confidence

7717777833, 9113408072

I.Sc. (XIth & XIIth) IIT - JEE (Mains + Advance) Medical
ARTS (XIth & XIIth)
8th to 10th (CBSE & JAC Board)

राँची, पटना जैसी शिक्षा प्राप्त करें अब आपके शहर बरही में अनुभवी शिक्षको के साथ...

अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर कार्यशाला आयोजित

देश एवं संस्कृति में महिलाओं के जीवन को हिंसामुक्त बनाएं

अपेम लाइव : विष्णुगढ़

मिथिलेश गोल्डी

बाल विवाह रोकथाम हेतु
अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा

अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी

अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जीएफएफ के तत्वाधान में समाधान संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिला हिंसा की रोकथाम के पहलुओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष संजीव भट्टाचार्जी ने कहा कि आज पूरे विश्व में महिलाओं का एक वर्ग शारीरिक, मानसिक, लैंगिक एवं सामाजिक तरीकों में किसी न किसी रूप से हिंसा की शिकार है। इस तरह की हिंसा का उन्मूलन होना आवश्यक है। इस दिवस का उद्देश्य इसके बारे में लोगों में जागरूकता का प्रसार करना है। हर देश एवं संस्कृति में महिलाओं के जीवन को हिंसामुक्त बनाना है। कहा कि यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लगातार चलेगा। जिसमें हमारी टीम प्रखंड के हरेक इलाकों में जाकर महिलाओं के हिंसा के खिलाफ जागरूक करेगी। इसके तहत महिलाओं में नारीवादी सोच का विकास, महिला शिक्षा, आवश्यक कानूनी जानकारियां आदि दी जाएगी। कार्यशाला में शामिल लोगों के बीच महिला हिंसा के रोकथाम के मुद्दे पर ग्रुप वर्क भी कराया गया। जिसमें कई तरह के विचार छनकर आए। कार्यकारी निदेशक हिल्डा पिंटो ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आयोजन में रश्मिलता, नीतु कुमारी, प्रभा कुमारी, राहुल शीतल, जगदीश शर्मा समेत कई महिलाओं का अहम योगदान रहा। मौके पर रीना बर्मन, खोसलाल राम, मनोज सोनी, महादेव महतो, अन्नपूर्णा वर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

आजसू पार्टी के चेड़रा तथा विष्णुगढ़ पंचायत कमेटी गठित

चेडरा में राजकुमार वर्मा तथा विष्णुगढ़ में अशोक राम बने अध्यक्ष

अपेम लाइव : विष्णुगढ़

मिथिलेश गोल्डी

Shot on Y12
Vivo AI camera

विष्णुगढ़ में आजसू पार्टी की बैठक में शामिल कार्यकर्ता

आजसू विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी की बैठक गुरुवार को बाजारटांड स्थित श्री राम मंदिर परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो शामिल हुए। बैठक में पार्टी संगठन के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अलावा प्रखंड के चेडरा तथा विष्णुगढ़ पंचायत कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से चेडरा पंचायत के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा तथा सचिव संजय वर्मा मनोनीत किए गए। वहीं, विष्णुगढ पंचायत से अशोक राम को अध्यक्ष तथा सुधीर मिश्रा को सचिव बनाया गया। आगामी 28 नवंबर को प्रखंडस्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर को सफल पर बल दिया गया। विस प्रभारी ने कहा कि कार्यकर्ता तन मन से पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम करें। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में शामिल कर संगठन को मजबूत बनाएं। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, जिला सचिव महादेव देहाती, प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपू अकेला, सरयू पटेल, अशोक कुमार, प्रकाश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष रूपेन्द्र कुमार, संजय वर्मा, विक्रांत वर्मा, अभिलाषा वर्मा, भागीरथ महतो, सुधीर कुमार, रवि महतो, दिवाकर, संतोष, अभिषेक कुमार, लक्की कुमार, बाबू खान समेत कई लोग मौजूद थे।

भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल द्वारा पेट्रोल पम्पो पर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार

हस्ताक्षर कार्यक्रम में शामिल लोग

केंद्र सरकार द्वारा डीजल और पेट्रोल के दामों में 10 रु और 5 रु की रियायत देने के पश्चात झारखंड सरकार द्वारा अब तक वैट दर में नहीं करने के खिलाफ बड़कागांव में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष हजारीबाग से प्राप्त आदेश के आलोक में भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल कमेटी की ओर से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं बड़कागांव मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में बड़कागांव प्रखंड के पेट्रोल पंप में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान झारखंड सरकार से मांग की गई कि राज्य स्तर पर भी डीजल एवं पेट्रोल के दाम में अविलंब रियायत दी जाए। मौके पर मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भोपाल स्वर्णकार, महामंत्री सुमन गिरी, अशोक साव, मनोज प्रभाकर, युवा मोर्चा महामंत्री दिनेश्वर कुमार, जागेश्वर तुरी, चिंतामणि महतो, विशुनदेव राणा, राजेश कुमार साव, सुरेश महतो, तालेश्वर प्रसाद, सुरेंद्र कुमार दास, विनोद महतो सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडीटिंग- धनजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

इंकलाबी नौजवान सभा बिरनी का एक प्रखंड स्तरीय जीवी आयोजित किया गया

अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह

सब्बा अहमद

कार्यक्रम में शामिल लोग

बिरनी में इंकलाबी नौजवान सभा बिरनी का एक प्रखंड स्तरीय जीवी आयोजित किया गया इस जीवी में मुख्य रुप से भाकपा माले के लोकप्रिय विधायक का०मरेड विनोद कुमार सिंह, भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य का०मरेड सीताराम सिंह इनौस के राष्ट्रीय सचिव संदीप जयसवाल , शामिल हुए। इस जीवी में सभी वक्ताओं ने देश और राज्य सरकार के युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ व रोजगार के सवाल पर झारखंड के नियोजन नीति के सवाल पर, राज्य में नौजवानों के पलायन के सवाल पर जनसंघर्ष को तेज करने के लिए इंकलाबी नौजवान सभा की सदस्यता अभियान चला कर नौजवानों को एक जुट करने को लेकर बात रखी गई, बैठक में मौजूद सैकड़ो नौजवानों ने संकल्प के साथ बिरनी में 2000 की संख्या में सदस्य बनाने का निर्णय लिया । अपनी बात रखते हुये विधायक का०मरेड विनोद सिंह ने कहा की समाज मे सभी तरह के समस्याओं के निराकरण के लिए युवाओं की पहल कदमी आवश्यक है और इन सरकारों के खिलाफ भी चाहे वो राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार इनकी जो नीतियां रही है उसके खिलाफ युवाओ को जोरदार लड़ाई लड़नी होगी तभी सभी वर्ग के युवाओं को हक़ मिल सकेगा। शिक्षा जगत से जुड़े नौजवानों को संघर्ष करना पड़ेगा, पलायन कर रहे नौजवानों को, मजदूरी कर रहे नौजवानों को भी एक मुकम्मल लड़ाई लड़नी होगी। सभा की अध्यक्षता इनौस प्रखण्ड संयोजक सीताराम पासवान तथा संचालन इनौस जिला कमिटी सदस्य विक्रम आनंद र०य ने किया मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा के जिला कमिटी सदस्य राजेश कु विश्वकर्मा, सूर्यदेव तुरी, इरफान अंसारी, सुभाष साव, इकबाल अंसारी, विजय राय , भरत रजक, अर्जुन साव, चंदन माथुर, किशोर बैठा, फूलदेव पासवान, सिकंदर कुमार, संतोष दास, योगेंद्र गुप्ता, प्रमोद तुरी, रमेश राय, गणेश राय, संतु चौधरी आदि सैकड़ो नौजवान उपस्थित रहे।

बिरनी प्रखंड बरमसिया पंचायत अंतर्गत टाटो गांव मैं नहीं मिला गरीब को प्रधानमंत्री आवास टूटे फूटे मकान में रहने को विवश

अपेम लाइव : बड़कागांव

अमित मालाकार



मकान की स्थिति

बिरनी प्रखंड के बरमसिया पंचायत के टाटो गांव का मामला है जहां स्थानीय मुखिया ने सिर्फ सुखी सम्पन्न लोगों को पीएम आवास दिया है और गरीब लोगों को इस योजना से वंचित रखा है।वही गरीब असहाय लोग कच्चे एवं टूटे फूटे मकानों में रहने पर विवश हैं पँचायत में ऐसे एक नहीं बल्कि अनेक मामले हैं जहां सम्पन्न लोगों को आवास प्रदान किया गया है जबकि गरीब लोग अभी भी छोटे छोटे एवं टूटे-फूटे मकान में रहने पर विवश हैं। ऐसा ही मामला पंचायत के टाटो गांव की है जहां प्रसाधी महतो अपने पत्नी बहु बेटे समेत टीन बच्चों के साथ एक पुराने कच्चे मकान में रहने पर मजबूर है। कच्चे मकान का दीवाल विगत बरसात में खंडहर बन चुका है वही कच्चे मकान लकड़ी के सहारे लटका हुवा है जो कभी भी धंस सकता है। इसमें हमारे संवाददाता ने जब पड़ताल किया तो एक नहीं ऐसे कई जरूरतमंद दर्जनों लोग हैं जिन्हें आवास की सख्त आवश्यकता है, परंतु इनका सुनने वाला कोई नहीं है प्रसाधी महतो ने कहा कि कई बार मेरा नाम अ०नलाइन पेपर में आया लेकिन अभी तक पीएम आवास से मुझे वंचित रखा गया है जो कि मेरा घर पूरा जर्जर हो गया है लड़की के सहारे रखा गया है कभी भी घटना घट सकती है प्रधानमंत्री आवास बन गया और बन रहा है। शायद हमें गरीब होने के कारण हमें प्रधानमंत्री आवास से वंचित रखा जा रहा है और अमीरो को जिसका पक्का मकान है जिसे रहने का घर है। जिसका सरकारी नोकरी है वैसे लोगो का प्रधानमंत्री आवास बन गया है फिर भी आश्चर्य की बात है कि लक्ष ऐसे पँचायत के मुखिया को पीएम आवास में बेहतर कार्य करने का अवार्ड दिया जा रहा है।जो कि जांच का विषय है।

राज्य सरकार से पेट्रोल डीजल पर वैट घटाने को लेकर प्रदेश भर में आंदोलन : मुरारी सिंह

अपेम लाइव : चुरचू

अरविन्द टुडू

चुरचू प्रखण्ड के अंतर्गत चरही कोयलांचल क्षेत्र व अन्य क्षेत्रों के पेट्रोल पांइपों में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाते हुए दामो में 5 रु एवं 10 रुपए की कमी की है। केंद्र सरकार की तर्ज पर एनडीए शासित सभी राज्यों एवं गैर भाजपा शासित अनेक राज्यों ने वैट घटाकर जनता को राहत दी गई है। परंतु झारखंड सरकार ने अब तक कोई कमी नही की है।जनता को राहत दिलाने के लिए भाजपा कार्यसमिति ने राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लिया। 25 नवम्बर दिन गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ता राज्य के सभी पेट्रोल पम्पो पर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन किए एवं हस्ताक्षर अभियान चलाए मौके पर मुख्य रूप से बीजेपी चूरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, पूर्व भाजपा अध्यक्ष चुरचू अजित सिंह, युवा भाजपा मोर्चा अध्यक्ष ललन शर्मा, रोहित महतो, देव कुमार, सूरज, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार,सिंह, सूरज कुमार यादव, अमित कुमार, देव कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पूर्व विधायक ने चोरदाहा में प्रवचन मंच का किया शुभारंभ

प्रवचन में मिले ज्ञान को अपने जीवन मे उतारे, जीवन होगा सफल : मनोज यादव

अपेम लाइव :चौपारण

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक व अन्य

चोरदाहा में आयोजित श्री श्री 1008 श्री सीताराम नाम वार्षिकोत्सव महायज्ञ के चौथे दिन आयोजित प्रवचन मंच का शुभारंभ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। इससे पूर्व आयोजको ने पूर्व विधायक को माला पहनाकर किया स्वागत। श्रद्धालुओ को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि प्रवचन में मिले ज्ञान को सभी भक्त जन अपने जीवन मे उतारे, आपका जीवन सफल होगा । आपका जीवन शैली बदलने से समाज का कल्याण होगा। इस दौरान पूर्व विधायक ने यज्ञ मंडप में परिक्रमा कर क्षेत्र में अमन चौन व शान्ती का किया कामना। बनारस से चलकर आये प्रवचन कर्ता आचार्य कन्हैया महाराज को पूर्व विधायक ने माला पहनाकर स्वागत किया। यज्ञ आचार्य धनजय शाश्त्री जी ने कहा कि यज्ञ का आयोजन विश्व कल्याण व कोरोना महामारी से शान्ती के लिए किया जा रहा है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव पासवान, उपमुखिया राजकुमार यादव, भाजपा नेता प्रमेश्वर यादव, रामबृक्ष यादव सहित अन्य यज्ञ को सफल आयोजन में आयोजन समिति अध्यक्ष कृष्णा कुमार पासवान, सचिव भरथ यादव, कोषाध्यक्ष बिगन यादव, उपाध्यक्ष दीपक केशरी, सक्रिय सदस्य रमेश कुमार गुप्ता, डॉ इंद्रदेव पासवान, महेंद्र पासवान, प्रधान पुजारी द्वारिका सिंह, भिखारी यादव, अशोक राणा, दिलेश्वर सिंह कामता सिंह, जुगेश्वर यादव, गुल यादव, केशर रविदास, जगदीश यादव आदि ने महती भूमिका निभाया।

हजारीबाग जिला फुटबॉल एसोसिएशन का चुनाव जल्द हो : मनोज टुडू

अपेम लाइव : चुरचू

अरविन्द टुडू

यंगब्लड आदिवासी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष एवं बिरवा फुटब०ल क्लब के मैनेजर मनोज टुडू के नेतृत्व में फुटबॉल एवं फुटब०ल खिलाड़ियों के लिए आंदोलन की शुरुआत की। इस मौके में मनोज टुडू ने कहा कि लंबे वर्षो से जिला फुटब०ल लीग के क्लब चुनाव की मांग करते आ रहे हैं लेकिन उसे हमेशा नजर अंदाज किया गया है। जिस कारण यह आंदोलन की शुरुआत की गई है। लंबे बरसों से हजारीबाग फुटब०ल एसोसिएशन के पदाधिकारी अपने निजी काम के कारण पद छोड़ चुके हैं। एसोसिएशन चलाने के लिए जो नियम एवं विधान है जितने लोग कमेटी में होने चाहिए वह वर्तमान समय में नहीं है जिसके कारण फुटब०ल सुचारू एवं नियमित रूप से एसोसिएशन चलाने में असफल है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिसके कारण आज जिला में फुटब०ल का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है खिलाड़ी अपने कैरियर बनाने से वंचित होते जा रहे हैं खिलाड़ी अब फुटब०ल के प्रति रुझान देना बंद कर दिया क्योंकि इनको सही प्लेटफार्म एसोसिएशन द्वारा प्रदान नहीं किया जा रहा है। एसोसिएशन फुटब०ल खेल का विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने में असफल है।श्री टुडू ने कहा कि अंडर 14 टीम, अंडर-19 का फुटब०ल कराने में भी असफल है कब-कब ट्रायल मैच होता है खिलाड़ियों को समुचित रूप से जानकारी तक नहीं पहुंच पाती है। सभी फुटब०ल क्लबों द्वारा हजारीबाग जिला फुटब०ल एसोसिएशन का चुनाव की मांग लगातार करते हैं प्रत्येक साल केवल आश्वासन मिलता है। लेकिन आज तक वे लोग चुनाव नहीं करा पाए। जिसमें कहा कि इन सब को देखते हुए यही प्रतीत होता है कि पदाधिकारी को केवल अपने पद से प्यार है उन्हें खिलाड़ियों की कैरियर की प्रवाह तनिक भी नहीं है उनको लगता है कि खिलाड़ियों का कैरियर बर्बाद हो तो बर्बाद हो लेकिन मेरा पद जाना नहीं चाहिए और इसी सिद्धांत पर अधिकारी लोग कार्य कर रहे हैं। साथ ही कहा कि एसोसिएशन को थोड़ी भी परवाह होती तो हजारीबाग से राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देते हजारीबाग का मान सम्मान बढ़ता हजारीबाग के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस उसे अच्छे प्लेटफार्म देने में नाकाम साबित हो रहे हैं हजारीबाग जिला एसोसिएशन के पदाधिकारी। मनोज टुडू ने कहा कि हजारीबाग के खिलाड़ियों का खेल कैरियर बर्बाद ना हो इसके लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री हफीजुल अंसारी, झारखंड फुटब०ल एसोसिएशन के चेयरमैन मिथिलेश ठाकुर (पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री) वर्तमान झारखंड फुटब०ल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव विद्रोह मित्रा, वर्तमान महासचिव गुलाम रब्बानी, उपायुक्त हजारीबाग, जिला खेल पदाधिकारी, हजारीबाग हजारीबाग जिला एसोसिएशन को पत्र देकर अवगत कराया जाएगा और उससे अनुरोध किया जाएगा कि खिलाड़ियों का कैरियर बर्बाद होने से बचा लिया जाए। खिलाड़ियों का कैरियर बर्बाद हो या बर्दाश्त योग्य नहीं है अब करो या मरो की स्थिति है जब तक जिला फुटब०ल एसोसिएशन का चुनाव नहीं हो जाता है तब तक आंदोलन चरणबद्ध चलता रहेगा।

A UNITE OF APEM TRUST
PRESENTS

RAJ ARYAN
DANCE ACADEMY

FITNESS | BOLLYWOOD | FREESTYLE | HIP-HOP DANCE
MUSIC & SINGING ETC...

ADDRESS - DR.ANIL KUMAR NURSING HOME
BESIDE 2ND FLOOR NEW COLONY BARHI JH.

FOR ENQUIRIES - 6203686926, 9304294424